


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 169 | ग्वालियर शुक्रवार 26 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## लॉकडाउन से गगनयान, चंद्रयान-3 समेत इसरो के 10 अभियान प्रभावित हुए : सिवन

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख के सिवन ने कहा लॉकडाउन की वजह से अंतरिक्ष में मानव को भेजने और चंद्रयान-3 अभियान में देर होने के अलावा ऐसे 10 अंतरिक्ष अभियान प्रभावित हुए हैं, जिनके इस साल पूरे होने की योजना थी। उन्होंने कहा कि इसरो अपने अंतरिक्ष अभियानों पर लॉकडाउन के प्रभाव का आकलन करेगा। इसरो प्रमुख ने बताया कि अंतरिक्ष एजेंसी ने इस साल 10 प्रक्षेपण की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा लेकिन कोविड-19 महामारी की वजह से सभी चीजें बाधित हो गईं। कोविड-19 संकटसे निपटने के बाद हमें एक आकलन करना होगा। सिवन ने कहा लॉकडाउन की वजह से गंगनयान प्रभावित होगा, सभी उद्योगों ने काम करना अभी शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीने में अभियान का कार्य



प्रभावित हो गया। इसरो प्रक्षेपण से जुड़े उपकरणों के उत्पादन के लिए निजी क्षेत्र पर निर्भर है। इसरो को उपकरण उपलब्ध कराने वालों में शामिल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमईएस) भी लॉकडाउन से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए है। उन्होंने बताया चंद्रयान-तीन समेत सभी अभियान प्रभावित हुए हैं। सिवन ने कहा हमें गगनयान पर लॉकडाउन के प्रभावों का आकलन करना होगा। पिछले साल चंद्रयान-2 के चंद्रमा की सतह पर हार्ड लैंडिंग के बाद इसरो ने चंद्रयान-3 प्रक्षेपित करने की योजना बनाई थी, जिसे इसी साल चांद पर भेजा जाना था। गगनयान मिशन के तहत 2022 तक तीन भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजा जाना है। इसके लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन भी हो चुका है और वे रूस में प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं लेकिन यह भी लॉकडाउन की वजह से प्रभावित हुआ है।

### भारत की औद्योगिक बुनियाद को मजबूत करने में स्पेस सेक्टर महत्वपूर्ण

इसरो प्रमुख के सिवन ने देश के प्राइवेट इंटरप्राइजेज के लिए स्पेस सेक्टर को खोलने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की औद्योगिक बुनियाद को मजबूत बनाने में स्पेस सेक्टर महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इसरो चीफ के सिवन ने कहा, स्पेस सेक्टर भारत के औद्योगिक क्षेत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। निजी क्षेत्र को स्पेस सेक्टर में प्रवेश की अनुमति देकर इसरो की उपलब्धि का लाभ उठाने के लिए मोदी सरकार ने सुधार के उपायों को लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सेक्टर में उन्नत अंतरिक्ष तकनीकों के साथ शामिल कुछ देशों में से एक भारत है। मोदी सरकार की अनुमति से इसरो ने प्राइवेट इंटरप्राइजेज के लिए स्पेस सेक्टर के दरवाजे खोल दिए हैं। इसरो प्रमुख का कहना है कि यदि स्पेस सेक्टर को प्राइवेट इंटरप्राइजेज के लिए खोला जाएगा देशभर की क्षमता का उपयोग अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से लाभ प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है।

**भाजपा की वर्चुअल रैली**

## राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन की संस्थाओं से पैसा मिला : नड्डा




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन की कुछ संस्थाओं ने 300 हजार अमेरिकी डॉलर मुहैया कराए हैं। उन्होंने कहा कि चीन और कांग्रेस के बीच गुपचुप रिश्ता भी है। राजीव गांधी फाउंडेशन की चेयरपर्सन सोनिया गांधी हैं और कई कांग्रेस नेता इससे जुड़े हुए हैं। इस फाउंडेशन को लगभग एक दशक पहले पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और चीन ने इतनी मोटी रकम क्यों दी? उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि फाउंडेशन को इतना पैसा किस उद्देश्य से दिया गया। नड्डा ने गुरुवार को मध्यप्रदेश की वर्चुअल रैली को संबोधित कर रहे थे। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की वर्चुअल रैली ''मप्र जनसंवाद रैली'' के आयोजन पर कहा- यह बेहद शर्मनाक है। कोरोना महामारी के संक्रमणकाल में भी भाजपा को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर अपनी उपलब्धियों व योजनाओं के प्रचार-प्रसार की पड़ी है। मप्र में इस कोरोना महामारी से अभी तक 12 हजार से अधिक लोग संक्रकित हो चुके है। 500 से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी है, लेकिन इन दुखद मौतों पर संवेदना व्यक्त करने व कोरोना महामारी के नियंत्रण में अपनी सरकार की असफलता को स्वीकारने की बजाय, भाजपा मोदी जी का महिमा मंडल व सरकार का गुणगान करने में लगी हुई है। नड्डा ने कहा कि ये लोग चीन से पैसा लेते हैं और उससे जो स्टडी कराई जाती है, वो देशहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी तरह गलवान घाटी में हुई घटना पर भी कांग्रेस ने राजनीति की। ये वही कांग्रेस है, जिसने 2017 के अगस्त माह में जब चीन और भारत आमने सामने थे, तब राहुल गांधी चीन के राजदूत के साथ गुपचुप मुलाकात कर रहे थे। और अब ये लोग चीन के मामले में सवाल उठा रहे हैं। नड्?डा ने नेहरू परिवार पर भी हमला बोला। कहा- एक ही परिवार, जिसे जनता ने वर्तमान में नकार दिया है, वह संपूर्ण विपक्ष नहीं हो सकता है। उन्होंने इस परिवार की नीयत और नीति पर सवाल उठाए। कहा- उसकी ही गलती के कारण देश की 43 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन चली गई। जब गलवान घाटी को लेकर सभी राजनैतिक दल केंद्र की मोदी सरकार के साथ हैं, वहीं एक परिवार सवाल खड़े कर रहा है। मध्यप्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित वर्चुअल रैली से एक करोड़ से ज्यादा लोगों को जोड़ने का लक्ष्य बनाया था। बताया जा रहा है कि इसमें राज्यभर से लाखों लोग जुड़े और उन्हें सुना। नड्डा ने दिल्ली से संबोधित किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और अन्य भाजपा नेताओं ने इसे भोपाल में संबोधित किया और सुना भी।

### पार्टी बदली लेकिन जलवा कायम है

मध्य प्रदेश जन संवाद (वर्चुअल) रैली के साथ ही यह बात साबित हो गई कि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भले ही पार्टी बदल ली है लेकिन उनका जलवा कायम है। इस एक आयोजन में कई सवालों का जवाब दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी के उन नेताओं को भी जवाब मिल गया जो गुना शिवपुरी की सीमा पर एक बंद कमरे में मंत्रणा कर रहे थे। राधौगढ़ के राजा साहब श्री दिग्विजय सिंह के लिए निश्चित रूप से ही है व्यक्तिगत झटका देने वाली खबर है।

### की वर्चुअल रैली में नड्डा के साथ नजर आए सिंधिया



भोपाल। ज्योतिरादित्य सिंधिया जब से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं तब से लेकर अब तक कमलनाथ कैंप के लोगों ने जनहित के मुद्दों से ज्यादा एक सवाल बार-बार दोहराया और वह यह था कि %ज्योतिरादित्य सिंधिया को भारतीय जनता पार्टी में जाकर क्या सम्मान मिला।% कमलनाथ कैंप के इस सवाल का जवाब आज उस समय मिला है जब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा की वर्चुअल रैली में श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंच पर नजर आए।

### प्रियंका गांधी की बढ़ी मुश्किलें, उप्र बाल संरक्षण आयोग ने भेजा नोटिस

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर शेल्टर होम केस को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. फेसबुक पर प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा किए गए कमेट के बाद उत्तर प्रदेश कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. आयोग ने नोटिस में प्रियंका गांधी से कानपुर आश्रय गृह मामले के बारे में अपने फेसबुक पोस्ट पर शुद्धिपत्र जारी करने के लिए कहा. नोटिस में साफ कहा गया है कि अगर समय पर जवाब पेश नहीं किया गया तो कार्यवाही की जा सकती है. उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित महिला संवासिनी गृह में एक के बाद एक 7 युवतियों के गर्भवती पाए जाने और 57 के कोरोना संक्रमित होने का मामला सामने आया था. शेल्टर होम की बच्चियों के गर्भवती और कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस भेजा था.

## आपातकाल बरसीः लोकतंत्र की रक्षा करने वालों को मेरा शत-शत नमनः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** देश में आपातकाल के 45 वर्ष पूरे होने पर बीजेपी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है. इस बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने भी आपातकाल के दौरान यातनाएं सहने वाले वीरों को याद किया है. उन्होंने कहा कि ऐसे वीरों का त्याग देश भी नहीं भूल पाएगा. बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल की बरसी पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि वहां अभी भी लोकतंत्र नहीं है.



वहीं, बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने इसे क्रूर दिन के तौर पर याद किया है. पीएम ने ट्वीट कर कहा, आज से ठीक 45 वर्ष पहले देश पर आपातकाल थोपा गया था. उस समय भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए जिन लोगों ने संघर्ष किया, यातनाएं झेलीं, उन सबको मेरा शत-शत नमन! उनका त्याग और बलिदान देश कभी नहीं भूल पाएगा. पीएम ने अपने ट्वीट के साथ मन की बात का एक ऑडियो भी जारी किया है. इसमें पीएम ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोगों के मन में खोए हुए लोकंतत्र की छटपटाहट दिख रही थी. सामान्य अधिकार का क्या मजा है वो तब पता चलता है जब कोई आपका लोकतांत्रिक अधिकार छीन लेता है. बीजेपी चीफ नड्डा ने भी एक ट्वीट कर आपातकाल के दौरान की भीषण यातनाओं को याद किया. उन्होंने ट्वीट किया, भारत उन सभी महानुभावों को नमन करता है, जिन्होंने भीषण यातनाएं सहने के बाद भी आपातकाल का जमकर विरोध किया. ये हमारे सत्याग्रहियों का तप ही था, जिससे भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों ने एक अधिनायकवादी मानसिकता पर सफलतापूर्वक जीत प्राप्त की. शाह ने कहा कि कांग्रेस में अभी तक इमर्जेंसी की सोच है.

उ

### भाजपा में शामिल हुए पांढुर्ना नपा के अध्यक्ष प्रवीण पालीवाल



**भोपाल।** छिन्दवाड़ा जिले की पांढुर्ना नगरपालिका के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता प्रवीण पालीवाल कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए हैं। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत ने प्रवीण पालीवाल का पार्टी में स्वागत किया एवं भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## बिना अनुमति साइकिल रैली निकालने पर दिग्विजय के खिलाफ रिपोर्ट



**भोपाल।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोत्तरी के विरोध में बिना अनुमति लिए साइकिल रैली निकालकर प्रदर्शन करने के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ टी टी नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह (73) ने कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं के साथ पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के विरोध में केन्द्र एवं मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ बुधवार को आयोजित प्रदेशव्यापी प्रदर्शन के तहत यहां रोशनपुरा चौराहे से लिंक रोड नंबर-एक स्थित मुख्यमंत्री के वर्तमान निवास तक साइकिल रैली निकाली थी। टीटी नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया इस साइकिल रैली को लिंक रोड नंबर-एक स्थित मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचने से पहले ही आधे रास्ते में अपेक्स बैंक के सामने रोक लिया गया था, क्योंकि उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के दौरान इतनी बड़ी तादात में भीड़ इकट्ठा करने के लिए अनुमति नहीं ली थी। उन्होंने कहा कि बाद में सिंह के खिलाफ भादंवि की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में हुई बेहताशा बढोत्तरी पर बुधवार को केन्द्र एवं मध्य प्रदेश की सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया था कि मध्य प्रदेश में पूरे देश में सबसे महँगा पेट्रोल है और भारतीय इतिहास में पहली बार डीज़ल दिल्ली में पेट्रोल से महँगा हुआ है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण राज्य के राजस्व संग्रहण में आई कमी तथा कोरोना वायरस संबंधी व्यवस्थाओं के लिए 12 जून को पेट्रोल एवं डीजल में एक-एक रूपए अतिरिक्त कर की वृद्धि की है।

### प्रियंका गांधी की बढ़ी मुश्किलें, उप्र बाल संरक्षण आयोग ने भेजा नोटिस




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर शेल्टर होम केस को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. फेसबुक पर प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा किए गए कमेट के बाद उत्तर प्रदेश कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. आयोग ने नोटिस में प्रियंका गांधी से कानपुर आश्रय गृह मामले के बारे में अपने फेसबुक पोस्ट पर शुद्धिपत्र जारी करने के लिए कहा. नोटिस में साफ कहा गया है कि अगर समय पर जवाब पेश नहीं किया गया तो कार्यवाही की जा सकती है. उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित महिला संवासिनी गृह में एक के बाद एक 7 युवतियों के गर्भवती पाए जाने और 57 के कोरोना संक्रमित होने का मामला सामने आया था. शेल्टर होम की बच्चियों के गर्भवती और कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस भेजा था.


## दिल्ली में सरकारी इमारत को निशाना बना सकते हैं आतंकी

**नई दिल्ली।** खुफिया विभाग को दिल्ली में आतंकी हमले के इनपुट्स मिले हैं। पाकिस्तान से आई कॉल के बाद खुफिया विभाग को दिल्ली में आतंकियों के घुसने व आतंकी हमले के मिले इनपुट्स बहुत ही गंभीर हैं। देश की सुरक्षा एजेंसियों समेत दिल्ली पुलिस इन आतंकी हमले के इनपुट्स



को बहुत ही गंभीरता से ले रही है। दिल्ली में बॉर्डरों समेत सभी जगहों पर सुरक्षा को कड़ा कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक बुलाई हैं। इस बैठक में सभी जिला व यूनिटों के प्रमुखों को उपस्थित रहने को कहा है। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए ये बैठक होगी। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से भारत में एक कॉल आई है। इन कॉल को इंटरसेप्ट करने पर पता लगा कि आतंकी संगठन दिल्ली में आतंकी हमले की साजिश रच रहे हैं। इनपुट्स में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर की तरफ से तीन से चार आतंकी दिल्ली में घुस चुके हैं। इनके पास हथियार भी है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सिर्फ आतंकी हमले के इनपुट्स है। आतंकियों के हुलिया, उनकी कार नंबर या किस संगठन के ये कुछ पता नहीं हैं।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश

उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में

# 60 जरूरत मंदों को 13 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये के ऋण वितरित हुये



**मुरैना।** उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में गत माली साल के दौरान 60 जरूरतमंदों को 13 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये के ऋण वितरित किये गये है। यह जानकारी चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित उद्योग विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दी गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि चंबल संभाग में पिछली माली वर्ष 31 मार्च 2020 के अन्त तक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 60 जरूरतमंद लोंगो को 13 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये के ऋण वितरित किये गये है। संभाग में पिछली माली साल के दौरान 62 लोंगो को 21 करोड़ 27 लाख रूपये का फायनेंशियल वितरण लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसकी तुलना में उद्योग विभाग द्वारा 46 करोड़ 35 लाख 71 हजार रूपये के 194 ऋण प्रकरण तैयार करके विभिन्न बैको को भेजे गये थे। इनमें से 16 करोड़ 75 लाख 42 हजार रूपये के 69 प्रकरण स्वीकृत किये गये। स्वीकृत 69 प्रकरणों में से 60 प्रकरणों में 13 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये के ऋण वितरित किये गये है। इनमें 48 पुरूषों को 9 करोड़ 90 लाख 62 हजार रूपये और 12 महिलाओं को 3 करोड़ 81 लाख 50 हजार रूपये के ऋण देकर लाभान्वित किया है। चंबल कमिश्नर ने कहा कि फायनेंशियल लक्ष्य के अनुरूप ऋण प्रकरण स्वीकृत कर वितरित नहीं किये है। फायनेंशियल लक्ष्य 21 करोड़ 70 हजार रूपये का निर्धारित था, किन्तु इसके विरूद्ध 13 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये के ऋणों का वितरण हुआ है। इसका आशय यह है कि बैंकर्स ने जरूरतमंद ऋण दाताओं को उनकी उद्योग यूनिट पर कम फायनेंश किया है। कम फायनेंस के कारण उनको स्थापित उद्योग चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा होगा। अगर पूरी तरह से फायनेंस किया होता तो उद्योग धंधे अच्छे चल रहे होते, इससे उद्योग लगाने वाले लाभान्वित होते साथ ही उद्योग से सृर्जित हुये रोजगारों में लगें लोंगो को भी लाभ पहुंचता और बैंक का ऋण भी समय पर चुकता होता रहता। कमिश्नर ने बैकर्स से कहा कि वे तैयार ऋण प्रकरणों के अनुसार ही पूरी यूनिट के लिये ऋण फायनेंस करें। कम फायनेस करने पर ऋण लेने वाले हितग्राही संतुष्ट नहीं होते है, क्योंकि जिस मकसद से उन्होंने ऋण की मांग की है उनका कम फायनेस होने पर मकसद की पूर्ति नहीं हो पाती। इस पर बैकर्स विशेष ध्यान दें। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुरैना जिले में 24 प्रकरणों में 6 करोड़ 57 लाख 60 हजार रूपये के ऋण वितरित हुये है, इनमें 5 महिलाओं को 2 करोड़ 40 लाख और 15 पुरूषों को 4 करोड़ 17 लाख 50 हजार रूपये का ऋण दिया गया है। इसी प्रकार भिण्ड जिले में 14 जरूरतमंदों को ढ़ाई करोड़ 16 लाख रूपये का ऋण वितरित किया है। इनमें 6 महिलाओं को 1 करोड़ 20 लाख 50 हजार, 8 पुरूषों को 1 करोड़ 29 लाख 66 हजार, मालनपुर में 10 पुरूष वर्गो को 1 करोड़ 47 लाख 39 हजार रूपये का ऋण वितरित किया है। श्योपुर जिले में 12 जरूरतमंदों को 3 करोड़ 16 लाख 70 हजार रूपये के ऋण वितरित किये है। इनमें 1 महिला को 20 लाख 50 हजार और 11 पुरूषों को 2 करोड़ 96 लाख 7 हजार रूपये का ऋण दिया गया है।

## विधायक संजीव सिंह कुशवाहा ने जाम ना रोड पर 35 ,24 लाख का भूमि पूजन किया



भिंड, अरुण शुक्ला

गुरुरवार को विधायक संजू सिंह कुशवाहा ने 35,24 लाख की रोड का भूमि पूजन अजान पटवारी से जाम ना मंदिर तक जो बरसों से काफी खराब स्थिति में थी चुनाव के समय जो कहा सो किया आज सड़क के चालू काम का जायजा लिया और वार्ड वासियों से उनकी समस्या सुनकर आश्वासन दिया जो भी आप लोगों के कार्य हैं वह जल्द से जल्द करा दिए जाएंगे विधायक जी ने कहा आपने चुना है जो बताएंगे वह जरूर पूर्ण करेंगे वार्ड में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे वार्ड वासियों ने विधायक संजीव को लख लख बधाइयां दी

## हाइवे से गुजरने वाले सभी संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखने, मीटिंग आयोजित



आज थाना दिनारा में सभी होटल ढाबा संचालकों को बुलाकर सीसीटीवी कैमरा लगाने सभी कर्मचारियों के आईडी और फोटो ढाबा रजिस्टर में लगवाने और सभी ढाबों पर रजिस्टर रखकर सभी कर्मचारियों की स्पष्ट जानकारी देने के संबंध में और हाइवे से गुजरने वाले सभी संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखने और समय-समय पर सूचना देने के संदर्भ में मीटिंग आयोजित की गई जिसमें सभी ढाबा संचालक उपस्थित हुए सभी ढाबा संचालकों को सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया और ना लगाने पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई

# डीएम, एसएसपी ने मुख्य बाजार बाबूगंज, घण्टाघर, हाथीगेट क्षेत्र का किया निरीक्षण

सोनू कुमार माथुर



**एटा।** हॉटस्पॉट क्षेत्र बाबूगंज, घण्टाघर, हाथीगेट आदि को खोले जाने को लेकर डीएम सुखलाल भारती, एसएसपी सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने इस दौरान हॉटस्पॉट क्षेत्र बाबूगंज, घण्टाघर, हाथीगेट आदि के साथ-साथ कोरोना संदिग्ध व्यक्ति के मोहल्ला तेलियान का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि मोहल्ला तेलियान में तीन लेयर की बैरीकेटिंग की जाए। इसके साथ ही क्षेत्र में होमडिलीवरी के माध्यम से आवश्यक सुविधाएं क्षेत्रीय लोगों को उपलब्ध कराए जाने के अलावा नगर पालिका द्वारा साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। डीएम, एसएसपी ने क्षेत्रीय विधायक विपिन वर्मा डेविड सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की मांग पर बाबूगंज, घण्टाघर, हाथीगेट आदि को खोले जाने की सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि बाजार प्रातः 09 बजे से सांय 07 बजे तक ही खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी स्वतः ही अपने प्रतिष्ठान या आसपास जो भी अतिक्रमण है उसे हटा लें, अन्यथा की स्थिति में आगामी मंगलवार को अतिक्रमण सख्ती के साथ हटवाया जाएगा। उन्होंने इस दौरान शहर में भ्रमण कर लॉकडाउन का जायजा लेते हुए बिना मास्क लगाए लोगों को मास्क वितरित कर नियमित रूप से मास्क लगाने के निर्देश दिए। *इस अवसर पर* सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, सीएमओ डा0 अजय अग्रवाल, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, एएसपी ओपी सिंह, एसडीएम सदर अबुल कलाम, क्षेत्राधिकारी राज कुमार सिंह, ईओ दीप कुमार, एडीआईओ मिथलेश कुमार, थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, प्रमोद गुप्ता, संजीव जैन, विकास जैन सहित व्यापार मण्डल के अन्य पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## 3 वर्ष से फरार वारंटी आरोपी गिरफ्तार

संदीप प्रधान

दतिया पुलिस अधीक्षक के चलाए जा रहे अभियान के द्वारा दतिया कोतवाली टी आई धनेंद्र सिंह भदोरिया टीम के द्वारा 3 वर्ष से फरार वारंटी आरोपी को ग्वालियर मेला बावरी से गिरफ्तार कर लिया गया जिस पर 5000 का इनामी वारंटी था वहीं दूसरी कार्रवाई टीआई कोतवाली धनेंद्र सिंह भदोरिया की टीम के द्वारा रात को गश्त के दौरान तीन रेत से भरे हुए ट्रैक्टर जिनमें चोरी की रेत भर के ले जा रहे थे तीनों चालकों को ट्रैक्टरों सहित गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टरों को चालको द्वारा पकड़ा उनाव रोड बाईपास से टीआई कोतवाली धनेंद्र सिंह भदोरिया ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को मामला पंजीकृत कर न्यायालय पेश कर दिया गया टीआई कोतवाली धनेंद्र सिंह भदोरिया की टीम एसआई अजय अंबे, एसआई संजेश भदोरिया, एसआई दीपेंद्र सिंह, एसआई रविंद्र ,आरक्षक सोनपाल आरक्षक आदित्य एवं समस्त पुलिस आरक्षक साथ में रहे



जीतू पटवारी ने महिलाओं को अपने बयान में अपमानित शब्द बोले जिसमें

## महिलाओं ने पुतला दहन किया

*अरुण शुक्ला

*भिंड* भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया कांग्रेस पार्टी के पूर्व शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी को महिलाओं को अपमानित करने का कोई अधिकार नहीं है श्रीमती सीमा शर्मा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष भाजपा पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष कृष्णकांता तोमर जी तीनों मंडल के अध्यक्ष टीपू भदोरिया जी अमित जैन साहब शेरू पचौरी जी डॉक्टर सुशील गुप्ता जी अली सर महिला मोर्चा की महामंत्री बबली तोमर मंत्री बेबी राठौर राजकुमारी राजावत मंडल अध्यक्ष विमला राजावत सरोज पांडे सोशल मीडिया गीता राजावत सोशल लता श्रीवास प्रमिला गुप्ता राधा कृष्ण शर्मा भिंड शहर अध्यक्ष विनीता सोनी आईटी सेल सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे सुनील बाल्मिक पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश जैन सभी लोगों ने मिलकर जीतू पटवारी का गोल मार्केट पर पुतला दहन किया जीतू पटवारी से महिलाओं से माफी मांगने की मांग की अगर जीतू पटवारी माफी नहीं मांगते हैं तो यह आंदोलन उग्र रूप ले लेगा क्योंकि उन्होंने पूरे राष्ट्र की महिलाओं का अपमान किया है

# "विटामिन 'ए' अनुपूरण-प्रथम चरण का आयोजन 7 जुलाई से 08 अगस्त तक



**मुरैना।** कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत् रखते हुये शासन द्वारा जन समुदाय में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्वि किये जाने के उद्देश्य से जिले में वित्तीय वर्ष 2020-21 में ''विटामिन 'ए' अनुपूरण-प्रथम चरण का आयोजन 07 जुलाई से 08 अगस्त 2020 तक किया जायेगा। जिसके वेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्लानिंग वैठक का आयोजन कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में गुरूवार को मुरैना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. बांदिल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती उपासना राय, एन.आई. के संभागीय समन्वयक ग्वालियर संभाग मिर्जा रफीक वेग, सिविल सर्जन, डीपीएम, मलेरिया अधिकारी, बीएमओ सहित स्वास्थ्य व महिला बाल विकास के समस्त जिला एवं ब्लॉक अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास निर्देश दिये कि आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ''ए''अनुपूरण हेतु सीमित संख्या में सत्र स्थल पर नियमित अंतराल से बुलाया जाये। किसी भी परिस्थिति में सत्र स्थल पर एक समय में 05 से अधिक हितग्राही उपस्थित नहीं हों तथा 02 व्यक्तियों के मध्य कम से कम 06 फीट की दूरी अवश्य रखी जायें। आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों की माताओं को पूर्व में ही घर से साफधुली हुई चम्मच लाने हेतु सूचना दी जाये तथा सुनिश्चित करें कि बच्चों की माताओं, पालको, परिवार के सदस्य जो बच्चों के साथ टीकाकरण स्थल पर आ रहे है, वे अपने साथ धुली हुई चम्मच अवश्य लाये। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा विटामिन ''ए'' की बोतल के साथ प्रदायित 01 एम.एल./02 एम.एल. मार्किंग युक्त चम्मच से विटामिन ''ए'' की दवा हितग्राहियों की चम्मच में डालने के उपरांत परिवार सदस्य द्वारा बच्चों को पिलाई जाये। ''मॉप-अप दिवस'' में गृह भ्रमण के दौरान भी मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा विटामिन ''ए'' की खुराक हितग्राही के घर की साफधूली हुई चम्मच में डालने के उपरांत परिवार सदस्य द्वारा बच्चों को पिलाई जाये। टीकाकरण स्थल पर साबुन से हाथ धोने, सेनेटाईजर से हाथ साफ करने की व्यवस्था की जाये। गृह भ्रमण के दौरान भी कार्यकर्ताओं द्वारा साबुन, सेनेटाइजर अवश्य साथ में रखें। कोविड-19 रेड जोन, कन्टेंनमेंट क्षेत्रों में उक्त गतिविधि का आयोजन नहीं किया जाये। तथा ऐसे क्षेत्रों में परिस्थितियां सामान्य होने के उपरांत ही विटामिन ''ए'' का अनुपूरण की गतिविधि आयोजित की जाये। ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में चिन्हिंत संस्थाओं में क्वारेंटाईन में रखे गये प्रवासी मजदूर परिवारों में 09 माह से 05 वर्षीय आयुवर्ग के हितग्राहियों को चिंन्हित कर विटामिन ''ए'' अनुपूरण किया जाये। क्वारेंटाईन में 09 माह से 05 वर्षीय आयुवर्ग के बच्चों का विटामिन ''ए'' अनुपूरण क्षेत्र की ए.एन.एम. द्वारा संस्था में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों, आयुष चिकित्सकों, पर्यवेक्षण के सहयोग से किया जाये। इससे पूर्व कार्यक्रम की विस्त्रित जानकारी प्रदान करते हुये एन.आई. के संभागीय समन्वयक ग्वालियर संभाग मिर्जा रफीक वेग ने वताया कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत् रखते हुये शासन द्वारा जन समुदाय में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्वि किये जाने हेतु विभिन्न प्रयास किये जा रहे है।

# पैरा ग्लाइडिंग में एसआईवी कोर्स शुरू किये जाए बिलासपुर में

अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा साहसिक खेलों को लेकर तैयार की गई नई नियमावली से प्रदेश के पैराग्लाइडिंग पॉयलट और अन्य साहसिक खेलों से जुड़े युवा असंतुष्ट है और इन्होंने अपनी आपत्तियों को लेकर खेल मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर से मनाली में मुलाकात की। हिमाचल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित इस बैठक में प्रदेश भर से आए प्रोफैशनल खिलाड़ियों ने भाग लिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस बातचीत में सकारात्मक परिणाम निकलने की उम्मीद भी जगी है। वहीं मामले का पूरा विवरण देते हुए एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विशाल जस्सल, महासचिव अतुल खजुरिया तथा सचिव मनोज शर्मा ने बताया कि नई नियमावली में किए गए बदलाव से हिमाचल में साहसिक खेलों में काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड आदि स्थान अब खुले हैं तो लोग हिमाचल में क्यों आएंगे। हिमाचल में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अन्य राज्यो के मुकाबले अतिरिक्त सुविधाएं देनी होंगी ताकि पर्यटन व्यवसाय में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े लोगों को इसका लाभ मिल सके तथा सरकार के राजस्व में भी इजाफा हो सके। उन्होंने बताया कि बिलासपुर चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व शिमला आदि स्थानों से नजदीक हैं वहां के लोग इस आनंद से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि पैरा ग्लाइडिंग में एसआईवी कोर्स के लिए पौंग डैम का निर्धारण किया जा रहा है जोकि एक प्रकार से पूर्णतया अधिक खर्च व एक कृत्रिम स्थान का निर्माण किया जाएगा। जिसका खर्चा बहुत अधिक है। वहां पर इस खेल के लिए प्रशिक्षण के लिए लिए पहले एक विंच का खरीदना जरूरी है व इससे प्रशिक्षण के लिए पहले पांच दिन का प्रशिक्षण लेना पड़ेगा फिर वह इस से उड़ान भरने के लायक बन सकेगा। इससे उड़ान भरने के लिए पावर बोट का होना भी जरूरी है व सुरक्षा की दृश्टि से अन्य सुविधाओं का होना भी जरूरी है। इससे उड़ान भरने का खर्चा एक्पसर्ट के मुताबिक करीब 35 सौ रूपए प्रति व्यक्ति, प्रति उड़ान पड़ेगा। जिससे इसका वित्तिय बोझ सरकार व प्रशिक्षुओ पर बहुत अधिक पड़ेगा। जो कि एक बहुत ही मंहगा कार्य हो जाएगा। जबकि बिलासपुर में यही प्रशिक्षण का खर्चा पौंग डैम की तुलना में न के बराबर है। बिलासपुर में बंदला से उड़ान भरने के लिए टैक्सी का खर्चा प्रति व्यक्ति, प्रति उड़ान सौ रूपए है व अगर सरकारी बस का प्रयोग करते हैं तो एक बार में उपर जाने का खर्चा महज बीस रूपए हैं। दिन में यहां सरकारी बस पहले चार चक्कर लगाती थी लेकिन कोरोना काल के दौरान सिर्फ एक आध चक्कर ही लग पाता है। इन उत्साही पॉयलटों ने बताया कि बिलासपुर में सदर विधायक सुभाश ठाकुर ही कर कमलों से ही एशिया स्तर की प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। बिलासपुर एक मात्र ऐसा स्थान हैं जहां पर नभ, स्थल और जल की खेलों का आयोजन एक समय में हो सकता है। जबकि एसआईवी कोर्स के लिए पूरे देश में यह पहला स्थान है। उन्होंने मांग की है कि इस एसआईवी कोर्स को करवाने के लिए बिलासपुर को अधिकृत करवाने के लिए बिलासपुर को अधिकृत करें , जिससे पर्यटन के क्षेत्र में भी इस क्षेत्र को लाभ हो व यहां पर टैंडम फ्लाइट का कार्य भी बढ़ेगा, जिससे राज्य सरकार को आय होगी व एक नए स्थान का पर्यटन के क्षेत्र में बनने से राज्य सरकार का नाम होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राजपत्र में दिए गए रूलों को भी सभी एसोषिएषन के सीनियर पायलट को साथ लेकर नियमों का निर्माण किया जाए और टैंडम फ्लाइट के पायलट व एजेंसी की जो फीस निर्धारित करने का विचार है, उस पर एक बार फिर पुन अवलोकन किया जाए व बिलासपुर में यह कार्य शुरू होने के स्तर पर है, जिसे एसोसिएशन अपने स्तर पर उसकी मार्केटिंग व स्थान का निर्माण कर रही है, में फीस का निर्धारण नाम मात्र के लिए किया जाए। खेल मंत्री ने सभी पायलटों की बात को गौर से सुना और सकारात्मक हल निकालने का आष्वासन दिया। इस बैठक में कुल्लु से रोशन लाल, पूर्ण चंद ठाकुर, शिव राम, बुद्धि राम, संजय ठाकुर, कमल ठाकुर, कांगड़ा से ज्योति ठाकुर, सुरेश ठाकुर, कमल चंद, प्रकाश चंद, संतोष , शिमला से पवन कुमार नेगी, मंडी से निर्मल और संजय शामिल थे।



# कोरोना संक्रमण रोकने में मध्यप्रदेश अन्य प्रांतों की अपेक्षा ज्यादा सफल

## अब घर-घर स्वास्थ्य सर्वे की तैयारियां करें पूरी - मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक जुलाई से डोर-टू- डोर स्वास्थ्य सर्वे के कार्य की जिलों में तैयारियाँ पूर्ण करें। सर्वे दल के गठन, उन्हें प्रशिक्षण और सर्वे कार्य के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाए। जिला कलेक्टर्स के साथ ही विभिन्न संभागों के लिए समीक्षा का दायित्व निभा रहे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सर्वे कार्य की तैयारियों को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश में कोरोना नियंत्रण की जानकारी प्राप्त कर रहे थे। कान्फ्रेंस के दौरान बताया गया कि प्रदेश में कोरोना का ग्रोथ रेट 1.46 प्रतिशत है जो अन्य प्रांतों से सबसे कम है। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में टेस्टिंग की सुविधाओं में वृद्धि, उपचार के लिए बिस्तर क्षमता बढ़ाने, सोशल डिस्टेसिंग के पालन और फीवर क्लीनिक के संचालन से वायरस को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। प्रदेश में कोरोना ग्रोथ रेट को कम करने के प्रयास सफल हुए है, जिसका मतलब है कि संक्रमण रोकने में मध्यप्रदेश ज्यादा सफल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि कान्टेक्ट हिस्ट्री पर नजर रखने का कार्य लगातार होना चाहिए और पॉजीटिव रोगियों की संख्या भी कम होकर शून्य तक आना चाहिए। उन्होंने




स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. संजय गोयल को निर्देश दिए कि प्रदेश में रोगियों के स्वास्थ्य में पूर्ण सुधार हो और उन्हें रोग की गंभीर स्थिति से बचाने के पूरे प्रयास हों। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि प्रदेश में बुधवार को 6617 टेस्ट संपन्न हुए हैं। प्रदेश में उपलब्ध रोगी बिस्तर क्षमता का उपयोग भी कम हो रहा है। सामान्य बेड, आईसीयू बेड पर्याप्त हैं, जिनका प्रबंध संक्रमण बढ़ने की आशंका को ध्यान में रखकर किया गया था। इन्दौर जिले में 16 प्रतिशत जनरल वार्ड और 30 प्रतिशत आईसीयू वार्ड का उपयोग हो रहा है। भोपाल में मात्र 15 प्रतिशत आईसीयू वार्ड भरे हुए हैं। इन्दौर और भोपाल जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य जिलों में औसतन जनरल बेड 9 प्रतिशत और आईसीयू बेड 6 प्रतिशत ही उपयोग में लाये जा रहे हैं। कुल 76.4 प्रतिशत रिकवरी रेट के साथ मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। भारत के बड़े प्रांतों में एक्टिव केस संख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश की स्थिति काफी ठीक हुई है।

इस समय मध्यप्रदेश 2441 एक्टिव केस के साथ 13वें नंबर पर है। मध्यप्रदेश का पॉजीविटी रेट देश के पॉजीविटी रेट 6.26 से काफी कम 3.92 प्रतिशत है। प्रदेश का डब्लिंग रेट 47.7 दिवस है जो अन्य बड़े राज्यों में ज्यादा है। इसका अर्थ है कि प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को कम करने में ज्यादा सफलता मिली है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने धार और जबलपुर जिलों की पृथक समीक्षा की। कोन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 47 जिलों में कम से कम एक एक्टिव केस और 23 जिलों में 10 से कम एक्टिव केस हैं। पांच जिलों में एक भी एक्टिव केस नहीं है। प्रदेश में अभी 1119 कन्टेनमेंट क्षेत्र हैं। इनमें 7.63 लाख आबादी निवासरत है। प्रदेश में करीब 9 हजार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कोविड-19 में दायित्व निर्वहन किया जा रहा है। प्रदेश में उपार्जित गेहूं और चने के लिए किसानों को राशि के भुगतान के कार्य की समीक्षा भी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की। प्रमुख सचिव खाद्य श्री शिव शेखर शुक्ला और प्रमुख सचिव कृषि श्री अजीत केसरी ने प्रदेश में उपार्जित गेहूं और चने के परिवहन और सुरक्षित भंडारण की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपार्जित गेहूं और चने की राशि के भुगतान की जानकारी भी प्राप्त की। बताया गया कि प्रदेश में गेहूं के लिए किसानों के खाते में 23 हजार 455 करोड़ और चने के लिए 2 हजार 400 करोड़ अर्थात कुल 25 हजार 855 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# बेहतर उपचार मिल रहा है कोरोना मरीजों को - मंत्री डॉ. मिश्रा



### अरविंदो कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया

**भोपाल ।** गृह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर के अरविंदो अस्पताल के कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण करते हुए कहा कि अस्पताल में कोरोना संक्रमितों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कोविड-19 संक्रमण के प्रोटोकॉल एवं आवश्यक मापदंडों का पालन करते हुए पीपीई किट पहनकर कोरोना संक्रमितों से मुलाकात की। मंत्री डॉ. मिश्रा ने मरीजों को आश्वस्त किया कि सभी जल्द ही स्वस्थ्य होकर अपने घर लौटेंगे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से उपचार संबंधी जानकारियाँ लेते हुए मरीजों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आदिवासी क्षेत्रों में प्रवासी मजदूरों को स्व-सहायता समूह के माध्यम से मिलेगा रोजगार



### केन्द्र सरकार ने मंजूर की 65 करोड़ रुपये की योजना

**भोपाल ।** प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में प्रवासी आदिवासी मजदूरों और महिलाओं को स्व-सहायता समूह की गतिविधियों से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के प्रयास किये जायेंगे। इसके लिये केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय ने प्रदेश की 65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। यह जानकारी प्रमुख सचिव, आदिम-जाति कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में दी गई। प्रमुख सचिव ने विभिन्न जिलों के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की। बैठक में संचालक, आदिवासी क्षेत्रीय विकास योजना सुश्री शैलबाला मॉर्टिन, ग्रामीण आजीविका मिशन, मेपसेट, कौशल विकास और बैंकर्स भी मौजूद थे। प्रमुख सचिव, आदिम-जाति कल्याण श्रीमती गोविल ने बताया कि प्रदेश में रोजगार सेतु एप के माध्यम से प्रवासी मजदूरों के कौशल के अनुसार सर्वे किया गया है। इसके माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किये जायें, जिससे प्रवासी मजदूरों और उनके परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक लाभ मिलना शुरू हो जायें। प्रमुख सचिव ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान हैं। इनमें होने वाली गतिविधियों से भी स्व-सहायता समूहों को जोड़ा जा सकता है। बैठक में पशु एवं मत्स्य-पालन, पोल्ट्री फार्म, डेयरी से जुड़ी अन्य गतिविधियों, खाद्य प्र-संस्करण, रेशम और मधुमक्खी-पालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित किये जाने पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सीधी जिले में 31 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक जिले में लौटे हैं। धार जिले में करीब 34 हजार प्रवासी मजदूर जिले में लौटे हैं। इन्हें रोजगार से जोड़ने के लिये मनरेगा में सर्वे का कार्य किया गया है।

# स्व-सहायता समूह द्वारा आजीविका फ्रेश दुकान संचालित

## फ्रेश सब्जी और फलों की हुई सहज उपलब्धता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ताजी एवं कीटनाशक रहित हरी सब्जियाँ और फल गाँव-गाँव पहुँचाये जा रहे हैं। सिंगरौली जिले के विकासखंड देवसर में मिशन के तहत मंदाकिनी समुदय स्तरीय संगठन से जुड़े ग्राम धनहा के हंशराज स्व-सहायता समूह द्वारा लगभग दो दर्जन ग्रामों में



घर-घर पहुँच कर सब्जी-फल बेचे जा रहे हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिला इन्द्रकली कुशवाहा एवं प्रेमवती कुशवाह ने बताय कि ग्रामीण आजीविका मिशन में स्व-रोजगार के लिए बहुत-सी गतिविधियाँ संचालित हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान ग्रामवासियों को उचित मूल्य पर कीटनाशक रहित ताजी सब्जियों एवं फल की सहज उपलब्धता के लिये स्व-सहायता समूह द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में सभी खर्चें निकालने के बाद प्रतिदिन 500 से 700 रुपये की आय समूह को हो रही है।

# नदी की बाढ़ में फँसे चार मासूमों को सकुशल निकाला

**भोपाल।** आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा मयार नदी से चार मासूम बच्चों को



सकुशल बाहर निकाला गया। सिंगरौली के ग्राम जरहा थाना माड़ा के पास स्थित मयार नदी में मछली पकड़ने गये चार मासूम बच्चे अचानक बारिश होने से नदी में आई बाढ़ के कारण एक टीले में जा फँसे। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम के सदस्यों के अथक प्रयासों से बच्चों को बचा लिया गया। बच्चों के माता-पिता ने प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम को धन्यवाद दिया।

# इंदौर में कोरोना पर नियंत्रण दिल्ली, मुम्बई से बेहतर किया गया - मंत्री डॉ. मिश्रा

## 24 घंटे में कोरोना टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराएँ, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी बैठक हुई

**भोपाल।** गृह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कोरोना टेस्ट सैम्पल रिपोर्ट को 24 घंटे में उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि बेहतर प्रबंधन से इंदौर में कोरोना संक्रमण को दिल्ली, मुम्बई की अपेक्षा सफलतापूर्वक नियंत्रित किया गया है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सैम्पल टेस्ट रिपोर्ट का शीघ्रता से प्राप्त होना आवश्यक है। देरी से रिपोर्ट प्राप्त होने पर पॉजीटिव व्यक्ति से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही उपचार की प्रक्रिया भी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने कहा कि टेस्ट रिपोर्ट जल्द प्राप्त होने पर मरीज की बीमारी गंभीर नहीं हो पाएगी और मरीज जल्द स्वस्थ्य होकर घर जा पाएंगे। इसलिये सैम्पल रिपोर्ट का शीघ्रता से प्राप्त होना जरूरी है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि हर हाल में सैम्पल रिपोर्ट 24 घंटे में उपलब्ध कराई जाना सुनिश्चित किया जाए।



आयुक्त स्वास्थ्य ने बैठक में आश्वस्त किया कि सोमवार से प्रतिदिन 24 घंटे में सैम्पल टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित कर लिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने बताया कि इंदौर का पॉजिटीविटी रेट घटकर 6.6 प्रतिशत पर आ गया है। शहर में मात्र एक वार्ड ऐसा है जहाँ 15 से ज्यादा पॉजीटिव केस आये हैं मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रारंभिक काल में दिल्ली-मुंबई एवं इंदौर के हालात एक जैसे ही थे। तीनों शहरों में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा था। परंतु मध्यप्रदेश सरकार तथा इंदौर जिला प्रशासन ने कड़ी मेहनत से स्थिति संभाली और आज इंदौर में स्थिति नियंत्रित है। इंदौर में अभी 80 प्रतिशत बेड खाली हैं। इस दौरान न केवल इंदौर बल्कि संपूर्ण राज्य में कोरोना उपचार संबंधी प्रबंधन क्षमता में वृद्धि के लिये तमात आवश्यक इंतजाम किये गये। प्रदेश में वर्तमान में 2 हजार 574 सक्रिय प्रकरणों के विरुद्ध 20 हजार बेड़िग केपेसिटी है। इसके अतिरिक्त आईसीयू वार्ड, वेंटिलेटर, पीपीई किट, दवा आदि सभी समुचित मात्रा में उपलब्ध है। कोविड-19 संक्रमित सभी व्यक्तियों का इलाज निःशुल्क कराया किया जा रहा है। इन सभी प्रयासों का परिणाम है कि, आज इंदौर का रिकवरी रेट 74 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कोरोना नियंत्रण में शासन-प्रशासन को बेहतर प्रबंधन और इंदौर वासियों को जागरूकतापूर्वक सहभागिता करने पर बधाई दी है मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कोरोना संक्रमण काल में कानून व्यवस्था में संवेदनशीलता के साथ सख्त रहने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य के साथ इंदौर में कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान आईजी श्री विवेक शर्मा ने बताया कि एक जून से अनलॉक के बाद आपराधिक ग्राफ में कमी आई है। उन्होंने बताया कि अनलॉक के बाद से करीब 960 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत रिकॉर्ड कार्यवाही करते हुए 25 दिन में 125 अवैध आग्नेय अस्त्र एवं हथियार जब्त किये गये और त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारियाँ भी की गई हैं। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा, आईजी श्री विवेक शर्मा, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, जिला पंचायत सीईओ, एमजीएम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. ज्योति बिंदल अन्य अधिकारीगण एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

## संपादकीए

### भारत चीन सम्बन्ध -

भारतीय मानस आम तौर पर चीन के खिलाफ होता है। अमूमन इसके पीछे भारतीय मीडिया की उकसाने की भूमिका मुख्य कारण होती है। हर राष्ट्रीय संकट को लेकर चीन के प्रति आक्रोश होता है। यह आक्रोश स्वाभाविक भी है। क्योंकि 1950 के बाद से ही चीन के कदम साम्राज्यवादी और भारत के विपरीत रहे हैं। कोई भ्रम ना हो इसलिए मैं पहले ही स्पष्ट कर दूं कि मैं सदैव चीन को आक्रमक और भारत की सीमाओं के लिए खतरा मानता रहा हूं तथा इस पर निरंतर लिखता भी रहा हूं। दिनांक 16 जून 2020 को जिस प्रकार गलवान घाटी में भारतीय सेना के अधिकारी और सैनिक चीन के कारण शहीद हुए वह घोर निंदनीय है तथा इन शहीदों की इस शहादत को मैं सलाम करता हूं। कुछ सरकार समर्थक बुद्धिजीवियों ने इस घटना के बाद से ही सोशल मीडिया और मीडिया पर यह उपदेश देना शुरू कर दिये कि युद्ध काल में सरकार से सवाल नहीं पूँछे जाने चाहिये बल्कि सरकार के साथ खड़े होना चाहिए। मैं इन मित्रों से कहना चाहता हूं कि सरकार देश नहीं होती। हम सरकार के देश हित में उठाए गए हर कदम का समर्थन करेंगे तथा अपने देश के लिए जो कुछ भी देश मुझसे अपेक्षा करेगा हम उस पर खड़े होने को तत्पर रहेंगे। परंतु अगर सरकार स्वंयम ही ऐसे संकटों को आमंत्रित करती है तो क्या उसकी चर्चा नहीं करना क्या देश के साथ धोखा नहीं होगा? 1962 में जब भारत पर चीनी हमला हुआ था और भारत का बहुत बड़ा भू-भाग चीन के द्वारा कब्जा कर लिया गया था तब हमारे समाजवादी नेता डॉक्टर लोहिया ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि÷ पच्चीस सौ साल पहले चाणक्य ने कहा था कि जो राजा कहता है कि धोखा हो गया उसे राजा रहने का अधिकार नहीं है। ÷सरकार समर्थक मित्रों को बता दें कि डॉक्टर लोहिया के इस कथन का समर्थन तत्कालीन जनसंघ के नेताओं स्व दीनदयाल उपाध्याय आदि ने भी किया था। क्या आज के सरकार के समर्थक सार्वजनिक रूप से यह कहने को तैयार हैं कि स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय आदि लोग गलत थे। नीति स्थाई होती है रणनीति अस्थाई। जो लोग आज सरकार को पवित्र गाय बना रहे हैं वह उनकी दलगत रणनीति तो हो सकती है परंतु नीति नहीं। आपको याद होगा कि 1962 में चीनी हमले के समय भारत ने मैकमोहन लाइन जो अंग्रेजों के द्वारा भारत और चीन की विभाजक सीमा तय की गई थी को ही अपनी सीमा माना था। परंतु बाद में उस सीमा रेखा की चर्चा ही बंद कर दी गई। तथा दो नए शब्द गढ़े गए। एक एल.ओ.सी. और दूसरा एल.ए.सी.। भारत चीन की सीमा को लेकर जब भारत की सरकारों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के शब्द को स्वीकार किया तब क्या यह भारत की वास्तविक सीमा और भूमि को छोड़ने का कदम और देश के साथ धोखा नहीं था? क्या यह भूला जा सकता है कि जिस चीन ने भारतीय भूमि पर कब्जा किया था उस चीन की 1962 के बाद पहली यात्रा 1978 में विदेश मंत्री के रूप में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने की थी और बतौर प्रधानमंत्री 1986-87 के बीच पहली चीन यात्रा स्वर्गीय राजीव गांधी ने की थी। भारत माता के मस्तिष्क और गर्दन को काटने का प्रयास करने वाले चीन से दोस्ती की शुरुआत क्या गलत नहीं थी? अमेरिका की विदेश नीति के पीछे चलते हुए सार्क देशों के साथ एकजुटता की नीति को त्यागकर लुक टू द ईस्ट और चीन के साथ एक गठजोड़ और वैश्विक विकल्प बनाने की पहल स्वर्गीय नरसिंग राव और डॉक्टर मनमोहन सिंह और पिछले 7 सालों से नरेंद्र मोदी करते रहे हैं। तथा चीन के लिए सारे व्यापार के रास्ते भारत में खोलते रहे हैं। पिछले दिनों डोकलाम में फिर लद्दाख में निरंतर चीन घुसपैठ बढाता रहा है। लद्दाख में पिछले दिनों घुसपैठ के बाद तथा भारतीय जमीन पर अतिक्रमण के बाद भारत और चीन के बीच 6 मई को उच्च सैन्य अधिकारी स्तर की वार्ता शुरू हुई।

# बिटिया की गुड़िया



डॉ. लता
( हिन्दी शिक्षिका), नई दिल्ली

बहुत दिनों से एक ही चीज खोज रहे थे , रजनी के पापा, एक गुड़िया। जब भी वह रात को दुकान बंद करके घर पहुँचते, रजनी बिटिया आकर एक ही सवाल करती, %पापा, आज लाए मेरी गुड़िया,आँखे झपकाने वाली, भूरे बालों वाली% ? %भूल गया आज भी%, यह कहकर, पापा रोज ही टाल दिया करते थे। सच तो यह था कि दुकान पर काम की कमी थी, कम कमाने के कारण खर्चा पूरा करना मुश्किल हो रहा था। जिस भी दुकान में जाकर वह गुड़िया का रेट पूछते, दुकानदार बताता, 100 रुपये या कोई - कोई 110 रुपये। पापा रोज ही वापिस खाली हाथ आ जाते थे।

एक दिन बिटिया ने ज़िद पकड़ ली। जब तक गुड़िया नही लाते, खाना नही खाऊँगी। सुबह तो मम्मी ने उसे समझाकर खेल में लगा लिया और पापा को टिफ़िन देते हुए कहा, %आप इसकी बातों पर ध्यान मत दो, मैं इसे समझाकर खाना खिला दूंगी%। मगर पिता के मन मे अपनी मासूम सी गुड़िया की तरह दिखने वाली बिटिया की आँखे झपकाने वाली और भूरे वालों वाली गुड़िया घूम रही थी।

दुकान पहुंचते ही पिता ने प्रतिदिन की भांति सफाई कर पूजा पाठ की और ईश्वर से मन में प्रार्थना की कि आज उसे बहुत काम आए ताकि वह बिटिया की ख्वाहिश पूरी कर सकें। ईश्वर की कृपा रही और दुकान ग्राहकों से भर गई। पहले सिर्फ चार या पांच ग्राहक आकर गाड़ियाँ ठीक कराते थे। आज जाने क्या हुआ? पूरे दस ग्राहक अपनी गाड़ियाँ ठीक कराने आए। पापा बहुत खुश हुए। काम आने के कारण आज दुकान पर ही दस बज गए थे। काम निबटाकर दुकान बड़ाकर वो अपनी मोटरसाइकिल पर सवार हुए तो याद आया कि रास्ते की सभी खिलौने की दुकानें तो रात नौ बजे तक बंद हो जाती हैं। सोचने लगे, %अरे अब कैसे गुड़िया ले जाऊँगा, बिटिया भी सो गई होगी अब तो, और उसकी मम्मी भी इंतज़ार कर रही होंगी। पता नही दोनों ने खाना भी खाया कि नही%, सवालों के घेरे में सफर आधे से ज़्यादा कट गया था। अपनी तेजी से चलती मोटरसाइकिल को झटके से रोककर खड़े हो गए और बोले, %अरे यह क्या, आज यह दुकान कैसे खुली है%। जल्दी से मोटरसाइकिल तो किनारे पर लगाया और दुकान पर पहुंच दुकानदार से पूछा, %क्यों भाई, आज आपने दुकान लेट तक खोली हुई है।% %आज ग्राहक ज़्यादा आ गए थे, भाई, कल ईद है ना तो सब मुस्लिम अपने बच्चों के लिए खिलौने ले जाते हैं, आप बताइये क्या दिखाऊँ%, दुकानदार ने बोला। पापा बड़े खुशी के साथ बोले, आज वही गुड़िया निकाल दो, जिसका रेट मैं आपसे कई बार पूछकर जा चुका। %अरे भाई, वो गुड़िया शायद न हो अब , बिक गई सब%, दुकानदार ने जवाब दिया। पापा रुआंसे स्वर में बोले, %भैया चैक कर लो, क्या पता कि पड़ी हो%। दुकानदार ने नौकर को कहा, %अरे जा जल्दी जा, गोदाम में जाकर ढूँढ। वो आँखे झपकाने वाली और भूरे बालों वाली गुड़िया%। नौकर भागा। थोड़ी देर में दो गुड़िया लिए लौटा। एक तो बिल्कुल बिटिया की मांग के अनुकूल थी। मगर दूसरी उससे भी अच्छी थी। वह आँखे झपकाने के साथ बोलती भी थी, मतलब साउंड वाली गुड़िया। भूरे बाल तो थे ही दोनों के। पापा को वह देखते ही पसंद आ गई। रेट पूछा तो दुकानदार बोला, %बस आपके लिए 150 रुपये%। आज पापा को कमाई हुई थी, बिटिया की खुशी के आगे रेट कुछ नही था, जल्दी से 150 रुपये निकले और दुकानदार को कहा,%पैक करके चमकीली पॉलीथीन चढ़ा देना, बिटिया को गिफ्ट देना है, ईद पर%। दुकानदार ने पापा से पूछा, %आप तो मुस्लिम नही लगते फिर ईद%? पापा ने मुस्काकर कहा, %रोज काम करके भी इतना नही कमा पाता कि बिटिया की खुशी के लिए उसकी मनचाही गुड़िया ले जा सकता। आज अगर ईश्वर की जगह खुदा सब बच्चों की तरह मेरी बिटिया की आरजू भी पूरी कर रहा है तो क्या मैं उसके लिए ईद भी नही मना सकता। यह धर्म तो हमने बनाए हैं। ऊपरवाले ने तो बस खुशियां बनाई। आज वही खुशी बिटिया के साथ मनाऊंगा। गुड़िया देकर% घर पहुँचा तो बिटिया सो गई थी, पत्नी बोली, %आज इतनी देर कर दी। घबरा गई थी मैं तो, ऐसा क्या हुआ आज?% पापा ने कहा, %कुछ नही, काम फंस गया था, तुम खाना लगाओ%। हाथ मुँह धोकर खाना खाकर बस जल्दी से सो गए। सुबह उठते ही बिटिया का सवाल होता कि गुड़िया नही लाए, इससे पहले ही पापा उसके सिराहने उसकी गुड़िया सुला आए। बिटिया जब सोकर उठी, तो उसने गुड़िया को देखकर कहा, आ गई मेरी गुड़िया। पापा के पास जाकर गले लगाकर बोली, %जैसे यह है मेरी गुड़िया, वैसे हूँ मैं आपकी गुड़िया%। मम्मी यह सब तमाशा देख रही थी, पास आकर दोनों से बोली, %सामने वाली आंटी ईद की खुशी में सेवईयां दे गई हैं। पापा मुस्कुराते हुए बिटिया और उसकी मम्मी को गले से लगाकर बोले, ईद मुबारक।।



## जीवन में कभी न घबड़ाएं...

जब जीवन में हो नाकामी, तो लगता है कितना डर!
बार बार कोशिश करने से, जीत मिले, डर हो बेघर!!

जीवन में कभी न घबड़ाएं, न डर कर छोड़ें मैदान!
बुलंद हौसला से जुटे रहे, सफ़ल बने, बढ़ जाए शान!!

डर के आगे जीत ही होगी, प्रण कर ये हम ठान लें!
दुनिया होगी मेरी मुट्ठी में, निश्चित हम यह जान लें!!

पूर्ण समर्पण, कठिन परिश्रम, मन का डर दूर भगा दें!
होंगे क़ामयाब जरूर, जो ख़ुशियों का फूल खिला दें!!

डर डर जीने से अच्छा है, जी लगा कर जुट जाएं!
एक दिन मिले सफलता, इतिहास में अमर हो जाएं!!

पैदा करें जुनून जीवन में, डर कर पीछे न हट जाएं!
नील गगन को छू ले हम, कोई भी हमें रोक न पाएं!!

पग पग पर तूफ़ान मिले, उसे भी पार कर बढ़ जाएं!
पर्वत की हो ऊँची चोटी, बस! हिम्मत से चढ़ जाएं!!

मौत दिखे रास्ते में भी, उसे भी पछाड़ के बढ़ जाएं!
संघर्षों से डर खत्म हो, खुशियों के गीत हम गाएं!!



लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
बस्ती[उत्तर प्रदेश]

## विदाई



अनोखी विदाई उस दिन देखी,
जब एक पिता की नजरें झुकी देखी,
कपकपाते पसीजते हाथ दामाद के हाथ को थामे थे,
और भीगे स्वर बस निवेदन कर रहे थे,
पलको की छाव मैं पली बेटी है मेरी,
सदा खुश रखना ये वादा मांग रहे थे।
यकायक उस वक़्त ना जाने क्या क्या बीता है,
अश्को से भरी आंखों से बेटी ने पिता को देखा है,
उमड़ आया लाड वो अपने पिता के गले से लग गयीं,
और बोली पापा आपको याचना करते पहले कभी नही देखा है।
मैं इतनी कमजोर असहाय नही हु पापा,
मेरी खुशिया किसी याचना की मोहताज नही है पापा,
मैं निडर निर्भीक गम्भीर हु आज से,
सक्षम हु खुद ही समेट लुंगी खुशियां अपने दामन मे पापा।
मेरी हंसी मेरी खिलखिलाहट सब जिम्मेदारी है मेरी,
झूठी मुस्कान का अभिनय नही करुगी पापा,
समझौतों के बगैर चुनुगी खुशियां,
जीवन को हर रंग से भरेगी आपकी विटिया।
इंतजार मे नही रहेगी मेरी खुशियां की कोई आये और मेरे जीवन मे बहार भर दे,
मैं किसी पर आश्रित नही रहूगी,
सतरंगी जीवन का स्वामित्व मैं खुद उठाऊँगी।

अभिमान से आंखे नम हो उठी उस पिता की,
बस इतना ही आशीष दिया उस गदगद हुए पिता के दिल ने,
अनन्त खुशियां बटोरो और अनंत खुशियां बांटो,
इस घर से लेकर उस घर तक मुस्कुराहटें ही मुस्कुराहटें बांटो।

प्रियंका पवन खंताल (बावली)
झांसी उप्र

# प्रकृति के किए कोरोना महामारी वरदान है ?

कोराना जैसी महामारी आजतक नही हुई इतिहास में अनेक महामरियों का जि क्र है। परन्तु कोरोना जैसीमहामारी न देखीहैऔर शायद न देखनेकोमिलेगी ।हर बीमारी का ईलाज.है परन्तु इस महामारी का कोई ईलाज नहीं है। केवल वचाव तथा सोशल डिसटैनिडिंग की एकमात्र बचाव.है।यह कैसीविडम्बना है कि हम अपने रिश्तेदङ्गरोड्ढ मित्रों के यहाँ जा नही सकते ।अगर जाते भी है तो हम एक दूसरे को शक की निगाह से देखते हैं।दोनो लोगो के चेहरे पर कोरोना का डर साफ दिखाई देता है।

पूरा विश्व त्राहि त्राहि कर रहा है ।हर आदमी परेशान है परन्तु इसी परेशानी के बीच कोई तो है जोखुशी से झूम रही है ।नहीसमझे वहखुशी से झूमनेवाली प्रकृति है। प्रकृति.संवर रही है।अपनी झटा पृथ्वी पर विखेर रही है। मनुष्य तो भींगी विल्ली बना घरके अन्दरकैद है और पिंजड़े मे रहने वाले जानवर स्वछन्द धूम रहेहै ये जानवर सड़कोपर मुहल्लो पर देखेजा सकते हैं।



प्रकृतिकी इस मनोहर झटा काआनन्द मनुष्य के अलावा पृथ्वी की सारी प्रजातियाँ ले रहीहै। प्रदूषण की बढ़नेकी दर अब न्यूनतम होगयी है।

नासा की रिपोर्टके अनुसार पिछले छब्बीस वर्षो से वायु प्रदूषण अपने न्यूनतम स्तर पर पहुँच गया है। वनो की अन्धाधुन्ध कटाई बन्द हो गयी है । पेड़ पौधें सभी कोरोना को धन्यवाद दे रहे हैं।सबसे वुद्धिमान कहा जाने वाला मनुष्य घररुपी पिंजड़े में बन्द है और पिंजड़े में रहने वाले अब निर्भर होकर घूम रहे हैं।वनो में अपने होने का एहसास कराने वाले शिकरियो से वन मुक्त हो चला है ।वन में अब उन्ही का राज है जिनका होना चाहिए।

नदियोंका पानी शुद्ध हो रहा झीलो का पानी शुद्ध हो2हा है। प्रकृतिकी हर एक वस्तु ऋीचर पर मनुष्य अपना अधिकार समझ रहाथा।मनुष्य ने प्रकृति का अन्धाधुन्ध दोहन किया परिणाम यह निकला कि कई प्रजातियां जैसे डोडो गौरैरया ,सोन चिरैरया का अस्तित्व खतरे में पड़ गया।हम कह सकते है कि कोरोना ने प्रकृति को सहेजने का कार्य किया है।



# आपातकाल लोकतंत्र के लिए काला अध्याय

आजादी की लड़ाई में कांग्रेस के नेतृत्व में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था और 1947 में देश आजाद हुआ और लोकतंत्र की स्थापना हुई। आजादी के 28 वर्ष में ही हमारे लोकतंत्र की जड़े कमजोर हो गई और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अपनी आंतरिक कलह के कारण देश को तानाशाही की अंधेरी गुफा में ढकेल दिया। 25 जून 1975 की मध्य रात्रि को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर नागरिक स्वतंत्रता को समाप्त कर दिया था। आपातकाल लगाने का यह गैर लोकतांत्रिक कार्य उसी पार्टी कांग्रेस ने किया था जो देश को आजादी दिलाने के आंदोलन में अग्रणी भूमिका में शामिल थी। आज भारत के नागरिकों को आपातकाल की याद बहुत धुंधली ही होगी। आपातकाल आज से 45 वर्ष पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपना प्रधानमंत्री पद बचाने के लिए लगाया था। आपातकाल की पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीमती गांधी के लोकसभा चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। उन पर प्रधानमंत्री रहते हुए लोकसभा चुनाव में गलत तरीके से जीतने का आरोप था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जगमोहन लाल सिन्हा ने निर्णय दिया था कि श्रीमती गांधी ने चुनाव अनुचित तरीके से जीता था। समाजवादी नेता श्री राजनारायण ने यह चुनाव याचिका दायर की थी। कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र समाप्त हो गया था। श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी इसलिए वे अपने आपको पार्टी से ऊपर समझने लगी थी। न्यायालय के निर्णय के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं दिया और तत्कालीन राष्ट्रपति पर दबाव डालकर आपातकाल की घोषणा करवा दी। आपातकाल की पृष्ठभूमि को कम शब्दों में समेटना बहुत कठिन है। सर्वोदयी नेता की जयप्रकाश नारायण के समग्र क्रांति के आंदोलन से भी तत्कालीन सरकार भयभीत हो गई थी।




25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा के साथ ही सभी विरोधी दलों के राष्ट्रीय स्तर से लेकर, प्रदेश, जिला और नगर तथा ग्रामीण स्तर तक के नेता और कार्यकर्ताओं को बिना किसी अपराध के जेलों में बंद कर दिया गया था। उनके नागरिक अधिकार समाप्त कर दिये गये थे। न्यायालयों से भी अधिकार छीन लिये गये थे। इससे न्यायालयों में भी गिरफ्तारी के विरूद्ध सुनवाई नहीं हो सकती थी। श्रीमती गांधी ने लोकसभा का कार्यकाल भी अनुचित तरीके से एक वर्ष के लिए बढ़ा लिया था। समाजवादी दलों, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित सभी विरोधी दलों के लगभग एक लाख 75 हजार नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद किया गया था। जनसंघ और रा. स्व. संघ के कार्यकर्ताओं के साथ पूरे देश में सबसे ज्यादा जुल्म-ज्यादतिया सत्तारूढ़ दल के इशारे पर की गई। जेलों में बंद कार्यकर्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। आजादी के आंदोलनों में अंग्रेजों ने जितने अत्याचार किये थे आपातकाल में उससे भी ज्यादा दोहराये गये। देश में आपातकाल लगाने के साथ ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई थी। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू कर दी गई थी। नेताओं और कार्यकर्ताओं पर होने वाले अत्याचार की कहीं खबर भी नहीं छपती थी। सभी समाचार पत्रो में केवल सरकार द्वारा दी जाने वाली आपातकाल के पक्ष की ही खबरें छपती थी। देश के अनेक समाचार पत्रों को बंद कर दिया गया था। देश के कई पत्रकारों को भी गिरफ्तार कर जेलों में बंद कर दिया गया था। मैं स्वयं युगधर्म, जबलपुर में पत्रकार था। मुझे भी मीसा में बंद किया गया था। श्रीमती गांधी ने जनवरी 1977 में खुफिया जानकारी एकत्रित कराई की इस समय अगर लोकसभा के चुनाव करायें जायें तब सत्तारूढ़ दल कांग्रेस की जीत की स्थिति क्या रहेगी। पूरा खुफिया तंत्र भी उस समय भयभीत था। कोई भी खुफिया तंत्र श्रीमती गांधी को सही स्थिति बताना नहीं चाहता था।

## प्यारी माँ

उस डायरी में लिखी हर ख्वाहिश को
मैने खुद के अंतर्मन से जोड़कर देखा
उन सारे शब्दों को और अहसासों को
मैंने खुद अपनी डायरी में लिखा देखा
अचरज हुआ ये देख और जानकर
ये भाव इतने मिलते जुलते से क्यो है
बिखरे आंसुओ की ये सुर्ख सी बूंदे
दोनों डायरियों पर एक सी क्यों है
वो कौन है उस डायरी के पन्नो में
जो एकदम झटपटाता सा परिंदा है
न जाने क्यों लगता है कभी कभी
कि मेरी प्यारी माँ,
आज भी मेरे अंदर ज़िंदा है।



शिवांगी पुरोहित
स्वतंत्र लेखिका पिपरिया



# पैसे कमाने के लिए ही फिल्मों में आई सोनाली बेंद्रे


**मुंबई ।** बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने कहा कि वह पैसे कमाने के लिए फिल्मों में आईं बाद में उन्हें इस पेशे से प्यार हो गया। उन्होंने कहा कि यही वह जहां उन्होंने खुद को ढूंढा और अपने परिवार और दोस्तों से मिलीं। उन्होंने कहा कि उन्हें बॉलिवुड इसलिए भी पसंद है कि मानसिक रूप से और साथ ही रचनात्मक रूप से सबसे शानदार जगह है। सोनाली ने कहा कि फिल्मों में उनकी एंट्री बिल्कुल सही जगह पर और सही समय पर हुआ। उन्होंने कहा कि जब एक्टिंग के प्रस्ताव आए तो उन्हें पता था कि किसी भी अन्य क्षेत्र में वह उतना पैसा नहीं कमा सकती हैं, जितना यहां कमा सकती हैं। इसलिए उन्होंने फिर दोहराया कि शायद इसीलिए वह बॉलिवुड में आईं, हालांकि बाद में उन्हें इस इंडस्ट्री से प्यार हो गया। बता दें कि सोनाली बेंद्रे अमेरिका में कैंसर के इलाज के बाद लौटी हैं। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान पुस्तकों ने उन्हें ताकत दी और उन्हें बचाए रखा। सोनाली ने कहा ?कि ÷जब मैं अपने जीवन के सबसे कठिन चरणों में से गुजर रही थी, पुस्तकों ने मुझे ताकत दी।÷ बेंद्र ने कहा कि बचपन से ही पुस्तकों से उनका लगाव रहा है। उन्होंने बताया ?कि जब मैं बड़ी हो रही थी तब किताबें मेरी बहनों के अलावा मेरी दोस्त थीं। जब मैं फिल्मों में आई तो यह किसी दूसरे ग्रह पर होने जैसा था। एक ऐसी दुनिया में किताबें ही हैं, जिन्होंने मुझे जमीन पर बनाए रखा। सोनाली ने कहा ?कि ÷कभी-कभी आप किसी किताब को पूरा न करके खुद को आंकने लगते हैं। लेकिन मैं एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गई हूं, जहां मैं समझती हूं कि मैं एक किताब प्रेमी हूं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे सभी किताबें पसंद आएंगी। यदि आपको कोई पुस्तक पसंद नहीं है तो इसमें कुछ गलत नहीं है।÷

# अर्जुन कपूर ने परिणीति चोपड़ा की दबाई गर्दन



**मुंबई ।** हाल ही में अर्जून कपूर और परिणीति चोपड़ा की फिल्?म ÷संदीप और पिंकी फरार÷ का ट्रेलर रिलीज हुआ है। बताया गया ?कि कई फैंस इस फिल्?म के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। क्यों?कि, यह फिल्म करीब दो साल से लटकी पड़ी थी, ले?किन अब इसका ट्रेलर सामने आ गया है। बता दें ?कि इस ?फिल्म के डायरेक्टर दिबाकर बनर्जी हैं। ट्रेलर देखकर बताया जा रहा है ?कि इस फिल्?म में परिणीति चोपड़ा ने उनकी आज तक की करियर की सबसे बेस्?ट एक्टिंग की है। ऐसा लग रहा है इस फिल्?म में उन्?होंने अपनी जान फूंक दी है। हालांकि अर्जून कपूर भी कुछ कम नजर नहीं आ रहे हैं, लेकिन यह कहना बिल्?कुल गलत नहीं होगा कि एक्टिंग में परिणीति ने उन्?हें मात दे दी है। बताया गया ?कि एक्?ट्रेस सोनम कपूर ने भी अपने भाई अर्जुन कपूर के इस फिल्?म को शेयर करते हुए उनकी तारीफ कर उनको बधाई दी। ट्रेलर के बारे में बताया गया ?कि इसकी शुरुआत अर्जुन के कार में बैठेने से होती हैं तभी परिणीति भागी-भागी उनके पास आती हैं और उन्?हें दिल्?ली से बाहर ले जाने को कहती हैं। जिसके बदले में वह कोई भी किमत चुकाने को तैयार रहती हैं। वह काफी डरी हुई नजर आती हैं। वहीं अर्जुन काफी सीरियस लुक में दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद शुरू होता है सस्?पेंस का खेल। कई लोग इन दोनों का पीछा करते हैं। इन्?हें मारने की कोशिश करते हैं। ट्रेलर देखकर तो यही लग रहा है कि परिणीति कुछ गलत काम कर फरार हुई जिसकी कीमत उन्?हें अपनी लग्?जरी लाइफ को छोड़ कर सामान्?य जिंदगी जी कर चुकानी पड़ रही है। हालांकि ट्रेलर से अब तक यह तो साफ नहीं हुआ, यह तो अब मूवी रिलीज होने के बाद पता चल पाएगा

# अमिताभ बच्चन ने गुलाबो सिताबो को दिया शॉर्ट नेम



**मुंबई ।** बॉ?लिवुड अ?भिनेता अमिताभ बच्चन ने अपनी आने वाली फिल्म ÷गुलाबो सिताबो÷ को भी एक शॉर्ट नाम दिया है। उन्होंने अपने नए ट्वीट में बताया कि नई जनरेशन में चीजों की शार्ट फॉर्म लिखने का चलन काफी चल रहा है। उन्होंने लिखा ?कि ÷टी 3459-नई पीढ़ी/नई पीढ़ी चीजों के शार्ट फॉर्म इस्तेमाल करती है। जैसे लोल, आरटीएफएल, जीओएटभी आदि। हालां?कि मैंने कभी खुशी कभी गम ?का शॉर्ट के3जी बनाया था..और ये लोगों ने अपना लिया था। इसके बाद अब अगला है गुलाबो सिताबो, ?जिसका शॉर्ट नाम जीबोसीबो रखा है। इस पर उनके को-स्टार आयुष्मान खुराना ने अपना रिएक्शन दिया। आयुष्मान खुराना ने कमेंट में इस शार्ट फॉर्म गेम को अगले ही लेवल पर ले गए। आयुष्मान ने एक बहुत लम्बी शार्ट फॉर्म को लिखा, जिसे एक लाइन में उन्होंने बताया कि जीबोसीबो नाम उन्हें बहुत पसंद आया है। आयुष्मान ने लिखा ?कि सर, मैं आपके जितना क्रिएटिव नहीं हूं लेकिन जीबोसीबो बहुत कूल नाम है।÷ बता दें कि गुलाबो सिताबो यानी जीबोसीबो डायरेक्टर शूजित सरकार की बनाई फिल्म है, जिसमें अमिताभ बच्चन और आयुष्मान खुराना संग काम कर रहे हैं। ये कहानी एक खड़ूस मकान मालिक और उसके किराएदार की है।

# नीना गुप्ता बोली शादीशुदा मर्दों से दूर रहे महिलाएं



अपनी फिल्मों और ऐक्टिंग से एक अलग ही मुकाम हासिल करने वाली बॉलिवुड अदाकारा नीना गुप्ता ने म??हिलाओं से शादीशुदा मर्दों से दूर रहने को कहा है। बता दें ?कि अपनी निजी जिंदगी में नीना बेहद बोल्ड रही हैं। नीना के वेस्ट इंडीज के मास्टर क्रिकेटर विवियन रिचर्ड के साथ संबंध थे और वह उनकी बेटी मसाबा की सिंगल मदर रही हैं। नीना ने यह बात कभी छिपाई भी नहीं है। हाल ही में नीना गुप्ता ने एक विडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने एक बार फिर काफी बोल्ड बयान देते हुए महिलाओं को खास सलाह दी है। बता दें ?कि आजकल नीना सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। हाल में नीना ने एक विडियो शेयर कर अपना पर्सनल एक्सपीरियंस शेयर किया है। उन्होंने विडियो के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं को सलाह दी है कि कभी किसी शादीशुदा मर्द से प्यार न करें। उन्होंने कहा कि उनका निजी अनुभव रहा है कि शादीशुदा मर्दों से संबंध रखने पर किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है और इन अफेयर्स का अंत कैसा होता है।

# अपने फैंस को जल्दी रणदीप हुड्डा देंगे खुशखबरी



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा अपने फैंस को एक बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं। दरअसल वह एक मणिपुरी मॉडल लिन लैशराम को काफी लंबे समय से डेट कर रहे हैं। बता दें ?कि पहली बार साल 2018 में रणदीप हुड्डा और उनकी गर्लफ्रेंड को नई दिल्?ली के ÷त्?यागराज स्?टेडियम÷ में मैच का आनंद लेते हुए देखा गया था। हालां?कि लिन लैशराम बॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं। साल 2014 में आई ÷मेरीकॉम÷ में उन्?होंने ÷बेम-बेम÷ का रोल निभाया था। इसके अलावा लिन नसीरुद्दीन शाह के थिएटर ग्रुप का भी हिस्सा रह चुकी हैं। रणदीप हुड्डा जल्?द अपनी गर्लफ्रेंड की मुलाकात अपने माता-पिता से करवाने वाले हैं। इससे पहले वह लिन की मुलाकात अपनी बहन अंजली हुड्डा से भी करवा चुके हैं। अब वह उनके माता-पिता से मिलवाने की तैयारी में लगे हैं। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि जल्?द ही रणदीप अपने फैंस को कोई बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं। वहीं, वर्कफ्रंट पर वह फिल्?म ÷लव आज कल÷ में नजर आए थे।

# किम शर्मा की तस्वीरें इंटरनेट पर हुई वायरल



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस किम शर्मा की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में किम शर्मा को समुद्र के किनारे मुस्कुराते हुए ?दिख रही हैं। ?जि समें ऐक्ट्रेस काफी खूबसूरत लग रही हैं। वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हमेशा की तरह एक बार फिर उन्होंने अपनी अदाओं से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। बता दें ?कि हाल ही में किम शर्मा का म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी के साथ नाम जुड़ने कई खबरें सामने आई थीं। दरअसल दोनों को मुंबई में एक रेस्ट्रॉन्ट के बाहर स्पॉट किया गया था। इसके अलावा किम शर्मा ने विशाल डडलानी के गाल पर किस किया था। ये तस्वीर भी खूब वायरल हुई थी।

# फिल्म जवानी जानेमन से बॉलिवुड में डेब्यू करेंगी अलाया



**मुंबई ।** पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्निचरवाला फिल्म जवानी जानेमन से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिलहाल फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और वह तबसे सुर्खियों में हैं। हाल ही में अलाया से पूछा गया कि जब वह सोकर उठे और उन्हें अपने बेड पर कार्तिक आर्यन दिखाई दें तो वह क्या करेंगी, तो इस पर उन्होंने कहा ?कि ÷कुछ नहीं करूंगी, मुझे कोई हैरानी नहीं होगी।÷ हालां?कि तुरंत ही उन्होंने अपनी बात को कवरअप करने की कोशिश भी की। बता दें कि कार्तिक आर्यन का नाम सारा अली खान और अनन्या पांडे से जुड़ चुका है। सारा के साथ कार्तिक की फिल्म लव आज कल आने वाली है और वह ÷पति पत्नी और वो÷ में अनन्या पांडे के साथ काम कर चुके हैं। वहीं वर्क फ्रंट पर अलाया सैफ अली खान और तबू की फिल्म ÷जवानी जानेमन÷ में अहम किरदार में नजर आएंगी। उनकी यह फिल्म 31 जनवरी को रिलीज हो रही है।



न्यूयार्क में कोरोना महामारी से पीड़ित लोगों के रिश्तेदार स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना करते हुए।

# भारत के साथ हम सकारात्मक संबंध बनाना चाहते हैं: तालिबान

## तालिबान का अभियान देश के भीतर है और सीमा के बाहर उसकी किसी तरह की महात्वाकांक्षा नहीं

**काबुल ।** तालिबान का कहना है कि वह भारत के साथ सकारात्मक संबंध बनाने का इच्छुक है और अफगानिस्तान में नई दिल्ली के सहयोग का स्वागत करता है। तालिबान के दोहा पॉलिटिल ऑफिस के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हित के लिए पड़ोसियों के साथ सकारात्मक संबंध चाहते हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में अमेरिका ने इच्छा जताई है कि भारत, तालिबान से वार्ता करे। डीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक शाहीन ने कहा ?कि हमारे राष्ट्रीय हित और पारस्परिक सम्मान के लिए हम भारत सहित अपने पड़ोसियों के साथ सकारात्मक संबंध चाहते हैं और अफगानिस्तान का भविष्य फिर से तैयार करने में उसके सहयोग योगदान और सहयोग का स्वागत करते हैं। उन्होंने साथ ही स्पष्ट किया कि तालिबान का अभियान देश के भीतर है और सीमा के बाहर उसकी



किसी तरह की महात्वाकांक्षा नहीं है। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि जालमय खालिजाद ने पिछले सप्ताह भारत का दौरा किया था। यह 29 फरवरी के अमेरिका-तालिबान डील के बाद हुआ था। उन्होंने इसकी जानकारी भारत को दी थी। अपने दौरे पर खालीजाद ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभल से बात की थी। मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा, %यह साफ है कि भारत को इस प्रक्रिया का हिस्सा बनना होगा अगर हम अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया में प्रभावी रूप से योगदान देना चाहते हैं।% सूत्र बताते हैं कि यह आपात बैठक थी जिसमें अफगानिस्तान के हालात पर चर्चा हुई। सूत्रों का कहना है कि खालिजाद महज कुछ घंटों के लिए भारत आए थे। इससे उनके दौरे के महत्व को समझा जा सकता था। दरअसल, अमेरिका को डर है कि अफगानिस्तान में अलग-अलग गुटों के बीच चल रही शांति वार्ता कभी भी रुक सकती है तब जब वहां हिंसा में तेजी आई है।

# अपने पति का शव लेकर संयुक्त अरब अमीरात से चेन्नई को निकली महिला



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले भारतीयों को लेकर एयर इंडिया के दो विमान चेन्नई रवाना हुए हैं।इनमें एक महिला अपने पति का शव लेकर गई है। कोल्लम्मल अपने पति एल कुमार(35) का शव लेकर जब एयर इंडिया एक्सप्रेस उडान में अन्य यात्रियों के साथ विमान में सवार हुई,तब इस हृदयविदारक दृश्य से हवाई अड्डे पर मौजूद सभी यात्री भावुक हो गए। रास-अल-खैमाह स्थित राक सेरेमिक्स में वरिष्ठ गुणवत्ता नियंत्रक अधिकारी के पद पर कार्यरत कुमार का 13 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान ही दिल का दौरा पडने से मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी कोल्लम्मल ने कहा कि नाश्ता करने के बाद वह उस दिन सामान्य रुप से ड्यूटी पर गए, सुबह करीब 10 बजे परिसर के सुरक्षाकर्मी ने आकर बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह मुझे उन्हें देखने के लिए अपने साथ ले जाना चाहते थे, किंतु मुझे अनुमति नहीं मिली।शाम को मुझे पति के निधन की जानकारी दी गई है। महिला ने बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी हुई और दो साल पहले वह यहां आई थी। उसने कहा,कि वह मेरे सब कुछ थे, बच्चे की तरह वह मेरी देखभाल करते थे। मैं इसलिए जीवित हूं कि उनका पार्थिव शरीर मुझे वापस घर ले जाना है।इस दौरान बुरी तरह व्यथित कोल्लम्मल ने कहा कि मैंने कभी अकेले कहीं यात्रा नहीं की। वह मुझे अकेला छो? गए और यह मेरी पहली अकेली यात्रा है। विमान में कोल्लम्मल के अलावा 200 वर्कर, 37 गर्भवती महिलाएं, कुछ बच्चे और 42 लोग जिन्हें कुछ स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें थीं दोनों विमानों से चेन्नई गए हैं।

दुबई स्थित भारतीय महावाणिज्यदूत ने बताया कि

## पाकिस्तान में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लॉकडाउन में छूट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बावजूद एक महीने से चल रहे लॉकडाउन में रियायत देनी शुरू कर दी है। देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 27,474 हो गए हैं जबकि पिछले 24 घंटे में ही संक्रमण के 1,637 नए मामले सामने आए और 24 लोगों की इस दौरान जान चली गई। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि पाकिस्तान शनिवार से विभिन्न कारोबारों को फिर से शुरू करने की अनुमति देकर राष्ट्व्यापी बंद में चरणबद्ध तरीके से ढील देगा। देश में मार्च के अंत में बंद लागू किया गया था और अब इसकी वजह से आर्थिक संकट को देखते हुए राहत दिए जाने की बात हो रही है। बंद में ढील का पहला चरण शुरू हो चुका है और सरकार ने और कारोबारों को सुबह से शाम पांच बजे तक खोलने की घोषणा की है। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह और खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सलाहकार अजमल वजीर ने कहा कि प्रांतीय सरकार भी इस योजना पर खान से सहमति रखती हैं।



पेरु में एक मॉल के बाहर प्रवेश के लिए इंतजार करते हुए लोग।

## विदेशी नर्सों व डॉक्टरों को ग्रीन कार्ड देने अमेरिकी कांग्रेस में विधेयक पेश

**वाशिंगटन ।** कोविड-19 जैसी घातक वैश्विक महामारी से त्रस्त अमेरिकी सांसदों ने देश में स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए हजारों विदेशी नर्सों और डॉक्टरों को ग्रीन कार्ड देने या स्थानीय कानूनी निवास का दर्जा देने वाला एक विधेयक कांग्रेस में पेश किया है। 'द हेल्थकेयर वर्कफोर्स रेसिलिएंस एक्ट' से उन ग्रीन कार्ड्स को जारी किया जा सकेगा जिन्हें पिछले वर्षों में कांग्रेस ने मंजूरी दी थी लेकिन उन्हें किसी को दिया नहीं गया। इस विधेयक से हजारों अतिरिक्त चिकित्सा पेशेवर अमेरिका में स्थायी रूप से काम कर सकेंगे। खबरों के अनुसार इस विधेयक से कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान 25,000 नर्सों और 15,000 डॉक्टरों को ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चिकित्सा पेशेवरों की कमी न हो। इस कदम से बड़ी संख्या में उन भारतीय नर्सों और डॉक्टरों को फायदा होने की संभावना है, जिनके पास या तो एच-1बी या जे2 वीजा हैं। प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को सांसद एबी फिनकेनॉर, ब्रैंड श्नीडर, टॉम कोले और डॉन बैकन ने पेश किया।

# कोरोना से अमेरिका के बुरे हालात ओबामा ने ट्रंप को जिम्मेदार बताया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका कोरोना का बुरी तरह से सामना कर रहा है। हर दिन हजारों लोग जान गंवा रहे हैं और अभी तक लगभग 13 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं। देश में कोरोना के चलते बुरे हालात के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जिम्मेदार बताया है। बराक ओबामा ने कोरोना के खिलाफ जंग में अमेरिकी प्रशासन के रवैये को अराजक आपदा करार दिया है। आमतौर पर बराक ओबामा डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ कोई राजनीतिक टिप्पणी नहीं करते हैं। कई बार डोनाल्ड ट्रंप ने ओबामा पर तंज कसा तब भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। यहां तक कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जरूरी



चीजों की सप्लाई की समस्याओं के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने बराक ओबामा और उनके कार्यकाल को दोषी बताया। जानकारी के मुता ?बिक बराक ओबामा ने ओबामा अलुम्नाई असोसिएशन के उन 3000 लोगों से बातचीत की, जिन्होंने ओबामा के शासनकाल में काम किया था। इसी मीटिंग में ओबामा ने लोगों से अपील की कि वे राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रैट के संभावित उम्मीदवार जो बाइडेन का साथ दें। एक प्राइवेट कॉल के जरिए लोगों से बात करते हुए ओबामा ने कहा ?कि आने वाला चुनाव हर स्तर पर काफी अहम होने वाला है क्योंकि हम सिर्फ एक व्यक्ति या राजनीतिक पार्टी के खिलाफ नहीं लड़ रहे हैं। हम लंबे समय तक चलने वाले स्वार्थी होने, दूसरों को दुश्मन की तरह देखने, आपस में बंटे होने और अराजक होने के ट्रेंड के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम वैश्विक स्तर पर भी यही देख रहे हैं। यही कारण है कि इस वैश्विक महामारी के खिलाफ हमारा जवाब इतना निराशाजनक और ठंडा है। बाकी सब भाड़ में जाएं% वाली मानसिकता के साथ यह काफी अराजक आपदा जैसा हो गया है। बराक ओबामा ने खुलकर कहा है कि आने वाले चुनाव में वह जो बाइडेन के लिए जमकर प्रचार करने वाले हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इंवाका की निजी सहायक कोरोना से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोरोना का कहर जारी है। यहां मृतकों की संख्या ब ?कर 77,178 हो गई है, वहीं संक्रमितों की संख्या 1,283,829 हो गई है। इस बीच खबर है कि राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका जो व्हाइट हाउस की वरिष्ठ सलाहकार हैं, कि निजी सहायक (पीए) व उपराष्टपति माइक पेंस की प्रेस सचिव कैटी मिलर भी कोरोना से संक्रमित हो गई हैं। राहत की बात यह है कि इवांका की निजी सहायक पिछले कई हफ्तों से छुट्टी पर थीं। ट्रंप के शीर्ष सलाहकार स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी इस सप्ताह संक्रमित पाई गई दूसरी ऐसी व्यक्ति हैं जो व्हाइट हाउस में कार्यरत है। हालांकि अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह व्हाइट हाउस में कोरोना फैलने को लेकर चिंतित नहीं हैं।

# पाकिस्तान में एक चर्च में तोड़फोड़

**लाहौर।** पडोसी देश पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने एक चर्च में तोड़फोड़ की है। जमीन विवाद को लेकर इस वारदात को एक समूह द्वारा अंजाम ?दिया गया। स्थानीय ईसाई नेता अस्लम परवेज सहोत्रा ने बताया कि मलिक उन अब्बास के नेतृत्व में कुछ हथियारबंद लोग आए और उन्होंने कालाशाह काकु स्थित चर्च का दरवाजा और चाहरदीवारी तोड़ दी। घटना के बाद समुदाय के नेताओ ने पुलिस मे शिकायत दर्ज करायी है। फिरोजवाला थाने के एसएचओ आमिर महमूद ने बताया कि शिकायत मिलने पर



पुलिस मौके पर पहंची और स्थानीय ईसाइयों के बयान दर्ज किए। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की जाएगी।मालूम हो ?कि यह घटना ऐसे वक्त में हुई है जब पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि 2019 में भी देश में हिन्दू और ईसाई समेत पूरा अल्पसंख्यक समुदाय को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और उन्हें जबरन धर्मपरिवर्तन और ईशनिंदा कानून के तहत मुकदमे झेलने पड़े हैं। आयोग ने कहा है कि अल्पसंख्यक समुदाय देश के संविधान में उन्हें दिए गए धर्म और आस्था के अधिकारों का उपभोग नहीं कर सका है।




इटली में सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

# इंग्लैंड क्रिकेट टीम की विविधता पर फिदा हुई ईशा गुहा



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर और अब ब्रॉडकास्टर बन चुकी ईशा गुहा इंगलैंड क्रिकेट टीम द्वारा अपनाई गई विविधता पर फिदा हो चुकी हैं। दरअसल, खेल में नस्लवाद विषय पर एक कार्यक्रम में ईशा ने इंगलैंड टीम का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा- हमारे पास क्रिकेट के साथ ही यह एक अवसर है क्योंकि यह खेल विभिन्न नस्लों, पृष्ठभूमि और धर्मों को पार करता है और सभी विभिन्न लोगों को एक साथ लाता है। गुहा ने कहा-यह खेल ही है जो वास्तविकता में सबको एकजुट करता है। इस वक्त इंग्लैंड की पुरुष टीम को देखिए जो इतनी विविध है। सबसे महत्वपूर्ण बात है प्रतिनिधित्व की। इंगलैंड टीम का प्रतिनिधित्व वह शख्स कर रहा है जोकि दूसरे देश (आयरलैंड) से है। हर कोई ऐसी टीम में अच्छा महसूस करेगा जहां विविधता हो। वहीं, कार्यक्रम के दौरान डैरेन सैमी ने भी नस्लवाद पर अपनी राय रखी। सैमी ने कहा- अंतरराष्टीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह भ्रष्टाचार विरोधी और डोपिंग के बारे में जागरूकता फैलाता है, वैसे ही उसे युवा क्रिकेटरों को नस्लवाद के खिलाफ शिक्षित करना चाहिए। दो बार के टी-20 विश्वकप चैंपियन टीम के कप्तान सैमी ने कहा- इस विषय के संबंध में व्यवस्थित स्तर पर शिक्षा की जरूरत है। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने कहा कि वे दुनिया भर में समानता चाहते हैं। बिशप ने कहा- यहां कोई ऐसा नहीं है, जो मुफ्त में गिफ्ट मांग कर रहा है। हम सब बहुत लगन और मेहनत से काम करते हैं और दुनिया भर में समानता और हर किसी के लिए समान अवसर की वकालत करते हैं।

# सचिन के साथ स्लेजिंग करने की किसी में नहीं थी हिम्मत



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज बासित अली ने खुलासा किया है कि जब सचिन तेंडुलकर खेलते थे तब किसी खिलाड़ी में उन्हें स्लेज करने का साहस नहीं होता था। उन्होंने साथ यह भी कहा कि सचिन जिस तरह से गेंदबाजी करते थे उन्हें सिर्फ पार्ट-टाइम बोलर कहना ठीक नहीं होगा। बासित अली शो में उन्होंने भारतीय क्रिकेटरों से अपनी प्रतिस्पर्धा का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मैदान पर और उसके बाहर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कैसा संबंध था। उनसे जब पूछा गया कि कौन सा विकेटकीपर उन्हें सबसे ज्यादा स्लेज करता था तो 49 वर्षीय अली ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर नयन मोंगिया का नाम लिया। उन्होंने कहा, नयन मोंगिया बहुत डिस्टर्ब करते थे। वह ऐसी बातें करते थे, जो मैं यहां बता नहीं सकता। जब वह अंडर-19 टीम के साथ यहां आए तो मैं बहुत मासूम था, लेकिन बाद में मैं भी काफी शरारती बन गया। उन्होंने कहा अजय जडेजा भी काफी स्लेज किया करते थे वहीं नवजोत सिंह सिद्धू और विनोद कांबली पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के निशाने पर रहते थे।

## हरभजन ने साझा किया भारतीय क्रिकेटरों का लेडीज अवतार

**मुम्बई ।** अनुभवी स्पिनर हरभजन सिंह सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय रहते हैं। अब हरभजन नेइंस्टाग्राम पर एक कोलाज साझा किया है। इसमें भज्जी के नाम से लोकप्रिय हरभजन ने क्रिकेटरों को %लेडीज अवतार% में पेश किया है। इस पर उन्होंने फैंस से सवाल भी पूछा कि वे आंखिर किसके साथ डेट पर जाना पसंद करेंगे। हरभजन की इस पोस्ट में महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर, पूर्व धुरंधर ओपनर वीरेंदर सहवाग और गौतम गंभीर सहित सभी क्रिकेटर %लेडीज लुक% में नजर आ रहे हैं। इस दौरान हरभजन ने मजाकिया अंदाज में लिखा, %आप किसके साथ डेट पर जाना पसंद करेंगे?% इस पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने अपनी ही तस्वीर की ओर इशारा करते हुए लिखा, %मुझे तस्वीर में यह लड़की पसंद आ रही है, जिसने चश्मा लगाया है।% इससे पहले ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी ऐसा ही कोलाज शेयर किया था और लोगों से सवाल पूछा था कि वे किसके साथ डेट पर जाना पसंद करेंगे।

# भारतीय कराटे संघ की मान्यता रद्द




**नई दिल्ली ।** विश्व कराटे महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) ने भारतीय कराटे संघ (केएआई) की मान्यता अस्थायी तौर पर रद्द कर दी है। डब्ल्यूकेएफ के अनुसार चुनावों के दौरान नियमों का पालन नहीं करने के कारण भारतीय संघ की मान्यता रद्द की गयी है। इस कार्रवाई से पहले मामले की पूरी जांच भी की गयी थी। विश्व संस्था (डब्ल्यूकेएफ) के प्रमुख एंटोनियो एस्पिनोस ने भारतीय संघ (केएआई) के अध्यक्ष हरिप्रसाद पटनायक को पत्र भेजकर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा है, केएआई की स्थिति की समीक्षा के लिए गठित आयोग की जांच के बाद डब्ल्यूकेएफ कार्यकारी समिति ने डब्ल्यूकेएफ के नियमों के अनुसार 22 जून से तुरंत प्रभाव से केएआई की मान्यता अस्थायी तौर पर रद्द करने का फैसला किया है।' विश्व संस्था ने साफ किया है कि भारतीय संघ के अंदर पिछले साल जनवरी में हुए चुनावों में नियमों का पालन नहीं हुआ था। डब्ल्यूकेएफ अध्यक्ष ने लिखा है, 'केएआई के वर्तमान प्रबंधन की विश्वसनीयता नहीं रही है। प्रबंधन के अंदर गुटबाजी हाविल है जिससे काम का संचालन ठीक से होना संभव नजर नहीं आ रहा है।' साथ ही कहा कि इसे देखकर लगता नहीं कि केएआई निकट भविष्य में मतभेदों और सभी मुद्दों का समाधान कर पाएगा, ऐसे में हमारा हस्तक्षेप करना जरुरी था। डब्ल्यूकेएफ ने हालांकि केएआई को मान्यता रद्द करने के फैसले के खिलाफ 21 दिनों के अंदर अपील करने का विकल्प दिया है। केएआई की मान्यता रद्द करने के फैसले को मंजूरी के लिए डब्ल्यूकेएफ इस मामले को अपनी अगली बैठक में कांग्रेस के समक्ष रखेगा।

## रिलायंस पावर की सासन परियोजना बंद करने के लिए एनजीटी में लगाई याचिका

**नई दिल्ली ।** राष्टीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में रिलायंस पावर की 'सासन अति वृहद बिजली परियोजना' (यूएमपीपी) को बंद करने और उसकी पर्यावरण मंजूरियां रद्द करने के लिए याचिका 'लापरवाह रवैए' को दिखाती है। याचिका में दावा किया गया हरै कि इस लापरवाही से संयंत्र से निकलने वाली राख आसपास के खेतों में फैल गई। इससे कथित तौर पर छह ग्रामीणों की मौत हो




दायर की गई है। याचिका दायर करने की वजह मध्यप्रदेश के सिंगरौली स्थित इस परियोजना के रिहंद सरोवर में जान-बूझकर औद्योगिक कचरा डाला जाना है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने अपनी याचिका में 10 अप्रैल, 2020 की एक घटना का जिक्र भी किया है। इस दिन परियोजना से निकलने वाली राख इकाई के गई जिसमें तीन नाबालिग भी शामिल थे। वहीं रिहंद सरोवर में राख के कीचड़ की वजह से पशुधन की भी हानि हुई। याचिका में कहा गया है कि इस राख की वजह से पानी में कई हानिकारक रसायन मिल गए जो आसपास के लोगों के लिए ट्यूमर और अन्य कई स्वास्थ्य बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

# चालू वित्त वर्ष में 5.3 प्रतिशत घट सकती है भारतीय अर्थव्यवस्था

## इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने जताया अनुमान

**नई दिल्ली ।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2020-21 में 5.3 प्रतिशत सिकुड़ने का अनुमान है। देश के इतिहास में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की सबसे निचली वृद्धिदर होगी। रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि अर्थव्यवस्था में संकुचन का यह छठा अवसर होगा। रेटिंग एजेंसी की रपट में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी की वजह से उत्पादन की रफ्तार और स्तर पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार श्रृंखला टूट गई है। विमानन, होटल और आतिथ्य क्षेत्र में गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई हैं। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष 2020-21 में आर्थिक गतिविधियों के सामान्य होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। रपट में कहा गया है कि पूरे वित्त वर्ष के दौरान अर्थव्यवस्था में गिरावट आएगी ही, प्रत्येक तिमाही के दौरान भी अर्थव्यवस्था नीचे आएगी। हालांकि, एजेंसी का मानना है कि अगले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटेगी और पांच से छह



प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगी। रपट कहती है कि आधार प्रभाव तथा घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति सामान्य होने की वजह से अगले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था वृद्धि दर्ज करेगी। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि 2020-21 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आएगी। यह देश के इतिहास में सबसे निचली जीडीपी की वृद्धि दर होगी। भारत के जीडीपी आंकड़े 1950-51 से उपलब्ध हैं। इसके अलावा यह छठा अवसर होगा जबकि अर्थव्यवस्था में गिरावट आएगी। इससे पहले वित्त वर्ष 1957-58, 1965-66, 1966-67, 1972-73 और 1979-80 में भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट आई थी। इससे पहले वित्त वर्ष 1979-80 में आर्थिक वृद्धि दर सबसे निचले स्तर पर गयी थी। सरकार ने कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव से निपटने के लिए 12 मई, 2020 को 20।97 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी के 10 प्रतिशत के बराबर आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी। हालांकि, इंडिया रेटिंग्स की गणना के अनुसार इस पैकेज का सीधा वित्तीय प्रभाव सिर्फ 2.145 लाख करोड़ रुपए या जीडीपी का 1.1 प्रतिशत है। इसमें मौद्रिक उपाय और आम बजट के मौजूदा प्रस्ताव शामिल नहीं हैं। रपट में कहा गया है कि आर्थिक पैकेज में ऋण और नकदी प्रबंधन के जो उपाय किए गए हैं और साथ में रिजर्व बैंक के पूर्व में घोषित उपायों से अर्थव्यवस्था के आपूर्ति पक्ष के मुद्दों को हल करने में मदद मिलेगी।

